तापमान
अधिकतम 19.0 डिग्री
न्यूनतम 6.5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार 24 जनवरी 2026

12 तेज हवाओं के साथ हुई बरसात से जनजीवन ...



12 गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर हुई रिहर्सल में ...



## खबर संक्षेप

### दो भाइयों को पीटकर किया घायल, केस दर्ज

**यमुनानगर।** शहर के कैंप मेन बाजार में कहासुनी होने पर दो युवकों ने दो भाइयों को पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। मेन बाजार कैंप निवासी चेतन ने गांधीनगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि 22 जनवरी को शाम चार बजे भाई मोहित के साथ कैंप बाजार में मौजूद था। इस दौरान विशाल पासी में नीरज पासी के साथ कहासुनी हो गई। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने उन दोनों भाइयों के साथ मारपीट शुरू कर दी। जिससे वह घायल हो गए।

### निर्माणधीन फैक्ट्री से हजारों का सामान चोरी

**यमुनानगर।** गांव भोजपुर में बन रही निर्माणधीन फैक्ट्री से चोरों ने हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर के जैन नगर निवासी महेंद्र गोयल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव भोजपुर में फैक्ट्री बना रहा है। 14 जनवरी को शाम के समय वह फैक्ट्री से काम खत्म करवा कर घर आ गया था। सुबह जब वह फैक्ट्री में पहुंचा तो फैक्ट्री से पांच क्विंटल सरिया तथा 20 लोहे की प्लेट गायब मिली। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### स्नैचिंग का आरोपी काबू तीन हजार रुपये बरामद

**करनाल।** विगत सायं जिला पुलिस करनाल की सीआईए-एक टीम ने स्नैचिंग की वारदात में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। यह कार्रवाई सीआईए-एक इंचार्ज निरीक्षक संदीप सिंह के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा सहायक उप निरीक्षक कृष्ण सिंह की अध्यक्षता में की गई। पुलिस टीम ने स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी प्रदीप निवासी नीलोखेड़ी, करनाल को काबू किया है।

## जाट धर्मशाला के पदाधिकारियों ने सीएम से सर छोटूराम को भारत रत्न देने की मांग की

# डबल इंजन की सरकार ने किसानों का सम्मान व सशक्तिकरण किया

**किसान की गरिमा और मेहनतकश की इज्जत ही सर छोटूराम के जीवन के मूल मंत्र थे**

*बसंत पंचमी पर सर छोटूराम एवं सुभाष चंद्र बोस के जयंती समारोह में बोले मुख्यमंत्री*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि दीनबंधु चौधरी छोटूराम के संघर्ष के चलते धरती पुत्र किसान का भाग्य बदला और मजदूर की तकदीर भी बदली तथा कृषि भूमि की रक्षा, किसान की गरिमा और मेहनतकश की इज्जत ही दीनबंधु चौधरी छोटूराम के जीवन के मूल मंत्र थे। इन्हीं मूल मंत्र को आधार मानकर डबल इंजन सरकार किसानों का सम्मान और सशक्तिकरण कर रही है। मुख्यमंत्री सैनी शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला में बसंत पंचमी के पावन पर्व पर आयोजित दीनबंधु चौधरी छोटूराम एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जयंती समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला को 31 लाख रुपये तथा सांसद सुभाष बराला ने 21 लाख रुपये की अनुदान राशि देने की घोषणा की है। सीएम ने प्रदेशवासियों को बसंत पंचमी और दीनबंधु सर छोटूराम की जयंती पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीनबंधु सर छोटूराम का जीवन भी साहस के साथ संवेदना और संघर्ष के साथ सेवा के समन्वय का अद्भुत उदाहरण है।





कुरुक्षेत्र। सीएम को स्मृति चिह्न भेंट करते जाट धर्मशाला के प्रधान डॉ. कृष्ण श्योकंद एवं समारोह को संबोधित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

### अन्यायपूर्ण व्यवस्थाओं के विरुद्ध खड़े हुए थे

इस महान व्यक्तित्व ने धरती पुत्र किसान के साथ-साथ मजदूर का भाग्य और तकदीर भी बदली। दीनबन्धु सर छोटूराम अपने आप में एक विचार थे, एक आंदोलन थे और एक संकल्प थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, हरियाणा के सामाजिक एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, सांसद सुभाष बराला, चेयरमैन धर्मवीर डागर, चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, भाजपा जिला अध्यक्ष तिजेन्द्र सिंह गोल्डी, अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला के अध्यक्ष डा.कृष्ण श्योकंद ने दीनबंधु सर छोटूराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और सुभाष चंद्र बोस की तस्वीर पर भी पुष्प अर्पित कर नमन किया।

### जब तक किसान सशक्त नहीं होगा देश आगे नहीं बढ़ेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक किसान सशक्त नहीं होगा तब तक भारत सशक्त नहीं होगा। इसी सोच के साथ दीनबंधु चौधरी छोटूराम संघर्ष करते रहे। उनके संघर्ष के कारण नीतियों और कानूनों को स्वरूप दिया, ऋण ग्रस्त किसानों को साहूकारों के शोषण से मुक्ति दिलवाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए। इस संघर्ष से यह प्रेरणा मिलती है कि कर्तव्य के पथ पर चलना ही सच्चा धर्म है और व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर समाज और राष्ट्र के हित को प्राथमिकता देनी चाहिए। उनका संघर्ष किसी वर्ग के विरुद्ध नहीं बल्कि अन्याय के विरुद्ध था, यही कारण है उनका नाम आज भी सम्मान और कृतज्ञता के साथ लिया जाता है।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, भाजपा युवा नेता साहिल सुधा को अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला के प्रधान डा. कृष्ण श्योकंद, बनी सिंह ढुल, हरिकेश सहारन, होशियार सिंह, नरेन्द्र नैन, डा. रणपाल, संजय देशवाल ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर निशा चौधरी, सुखबीर श्योकंद, जयभगवान शर्मा डीडी, प्रदीप मोर, संजय देशवाल, साधू राम कोलखां, जगदीश, रघबीर नैन, सूरजभान, सुभाष, ऋषिपाल, पूर्व प्रधान सुरेन्द्र सहित समाज के गणमान्य लोग और प्रबंधक समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## चीज का लालच देकर बच्ची से दरिंदगी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इसराना



आरोपी प्रदीप

**इसराना थाने के गांव में पड़ोस में रहने वाले युवक ने घटना को दिया अंजाम**

इसराना थाना के एक गांव में पड़ोस में रह रहे एक युवक ने एक छह वर्षीय बच्ची जो घर के बाहर खेल रही थी को खाने की चीज का लालच देकर अपने कमरे में बुलाया और दरिंदगी की। बच्ची के चिल्लाने की आवाज सुन बच्ची की मां व मकान मालकिन ने युवक के कमरे का दरवाजा खुलवाया तो दंग रह गए। बच्ची की पेंट खुली हुई थी। बच्ची की मां ने बताया कि वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश की रहने वाली है। वह अपने पति व बच्ची के साथ कमरा किराये पर ले कर रह रही है व फैक्ट्री में काम करते हैं। गुरुवार दोपहर बाद करीब चार बजे वह कमरे में आराम कर रही थी व उसकी छह वर्षीय बेटी घर के बाहर खेल रही थी। तभी उसके बच्ची के चिल्लाने की आवाज सुनी। आवाज सामने वाले कमरे से आ रही थी। पूछने पर बच्ची ने बताया कि सामने वाले कमरे में रह रहे प्रदीप कुमार ने गलत काम किया। पुलिस ने आरोपी युवक को काबू किया। पुलिस ने बच्ची की मां की शिकायत पर प्रदीप कुमार के खिलाफ पोस्को एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया।

## गुरु रविदास की जयंती पर 31 को उमरी में होगा विशाल राज्य स्तरीय समारोह : कृष्ण लाल पंवार

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि कुरुक्षेत्र के उमरी में आयोजित होने वाली संत शिरोमणि गुरु रविदास की 649वीं जयंती भव्य और विशाल होगी। हरियाणा सरकार हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संत शिरोमणि गुरु रविदास की 649वीं जयंती को पूरे श्रद्धा और सम्मान के 31 जनवरी को गांव उमरी में मनाएगी। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शिरकत करेंगे। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार शुक्रवार को कुरुक्षेत्र के पिपली पैराकीट में आयोजित बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। इस बैठक में सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग, अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य,एसडीएम शाश्वत सांगवान भी मौजूद रहे। बैठक में विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने अधिकारियों के साथ 31 जनवरी को होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की और कहा कि समय रहते सभी तैयारियां पूरी कर ले , समारोह में किसी भी तरह की कोई कमी नहीं रहनी चाहिए।



कुरुक्षेत्र। राज्य स्तरीय समारोह को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा करते पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार।

## राइस मिलों में चोरी करने वाले गिरोह के तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा

पुलिस ने जीरी के कट्टों की चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान रामफूल उर्फ भूल्ला पुत्र जयभगवान, सुधांशु पुत्र कर्म सिंह,अक्षय कुमार पुत्र पाली,तीनों निवासी गांव अमृतपुर कला थाना मधुबन करनाल के रूप में हुई है। इस संबंध में अनुसंधान अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि शिकायतकर्ता संजीव कुमार पुत्र मूलचंद ने शिकायत दी थी 30 व 31 दिसंबर की रात को उनके राइस मिल से जीरी के कुछ कट्टे चोरी हो गए थे। मामले की गहन जांच के दौरान पुलिस टीम द्वारा एकत्र किए गए विश्वसनीय साक्ष्यों के आधार पर चोरी की वारदात में शामिल तीनों आरोपियों को काबू किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की घटना को कबूल कर लिया है।

## बैंक में सेंध लगाकर चोरी करने के दो आरोपी पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

पुलिस की स्पेशल सेल टीम ने जठलाना स्थित केंद्रीय सहकारी बैंक में सेंध लगाकर चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बैंक में चोरी करने की वारदात को कबूल करने के साथ ही खजूरी क्षेत्र से नौ मोटर चोरी करने की वारदातों का भी खुलासा किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है। पुलिस टीम ने घूम रहे दोनों आरोपियों गिरफ्तार किया। जिनकी पहचान जठलाना माजरी निवासी आकाश उर्फ कमल व फुरकान के नाम से हुई। आरोपियों ने 19 जनवरी को जठलाना में ही केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा में चोरी की वारदात की थी।

## कोल्ड ड्रिंक कारोबारी से लूटपाट की गुत्थी 9 महीने बाद सुलझी, तीन आरोपी पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

कोल्ड ड्रिंक डिस्ट्रीब्यूटर निर्मल विहार के 49 वर्षीय संजीव त्रेहन से हुई लूटपाट की गुत्थी सीआईए-2 की टीम ने आखिरकार सुलझा ली है। 9 माह के बाद टीम ने इस मामले में तीन आरोपी को काबू किया व एक किशोर को सरंक्षण में लिया है। पूछताछ में आरोपी राहुल ने कबूला है कि उसने अपनी बाइक 60 हजार रुपये में गिरवी रखी हुई थी, उसे छुड़वाने के लिए पैसों की जरूरत थी। इसलिए दोस्तों संग मिलकर जल्द पैसे कमाने के लिए यह रास्ता अपनाया था। इन आरोपियों ने 13 मई को प्रीत नगर में पहले तो गोदाम से निकले एक्टिवा सवार संजीव त्रेहन व उनके बेटे की रेकी की थी। जैसे ही वह अंधेरे वाली गली में आए तो आंखों में मिर्च डाल दी। तीन लाख की नकदी से भरा थैला लेकर भाग गए थे। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अंबाला कैंट के बीडी फ्लोर मिल के पीछे सिमरन विहार के अभिषेक, शालीमार बाग के राहुल, कुंज विहार के दीपक के रूप में हुई है।

## घर से नकदी व जेवरात चोरी के दो आरोपी धर दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



एंटी व्हीकल थेफ्ट पुलिस टीम ने देशराज कॉलोनी में घर से नकदी व जेवरात चोरी के दो आरोपियों को वीरवार शाम को गिरफ्तार किया। सूचना के आधार पर संदिग्ध किस्म के दो युवकों को सेक्टर 25 ट्रक युनियन के पास से काबू किया। पूछताछ में युवकों ने अपनी पहचान गौरव पुत्र वासुदेव निवासी अशोक विहार व लक्की पुत्र राममेहर निवासी डाबर कॉलोनी के रूप में बताई। गहनता से पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों ने 20 नवंबर की रात देशराज कॉलोनी में एक मकान से 3500 रूपए कैश, चांदी की पाजेब, चुटकी, चेन, सोने की अंगुठी व बाली चोरी करना स्वीकारा। चोरी की उक्त वारदात बारे थाना तहसील कैंप में देशराज कॉलोनी निवासी रणबीर की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया चोरी किए जैवरात अज्ञात एक युवक को 50 हजार में बेचकर उनमें से 20 हजार खर्च कर दिए।

## स्टोन कारोबारी का अपहरण मारपीट के बाद समाना में छोड़ा

**पार्टनर पर साजिश रचकर जानलेवा हमला करने का आरोप**

*डीजीपी को शिकायत के बाद केस दर्ज, प्रेशर बढ़ने के बाद किया रिहा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

उत्तराखंड के स्टोन क्रशर कारोबारी का अंबाला शहर के कालका चौक से अपहरण करने वाले आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। परिवादी ने आरोपियों पर जानलेवा हमला करने का भी आरोप लगाया है। कारोबारी रुद्रपुर के गौरव ने अपने स्टोन क्रशर में ही पार्टनर व उसके बदमाशों पर साजिशन हमले के आरोप लगाए हैं। उसने बताया कि 19 जनवरी को पार्टनरशिप सेटलमेंट के लिए बुलाया था। इसके बाद आरोपी उसे पिस्तौल की नोक पर कुछ कागजों पर हस्ताक्षर करवाने के बाद कार में डालकर पंजाब के समाना ले गए थे। पीड़ित के परिजनों का दबाव बढ़ता देखकर राजपुरा के पास ही घायल अवस्था में छोड़कर भाग गए। पीड़ित ने बताया कि भाई साहिल ने उसके किडनैप होने की सूचना डीजीपी को ईमेल के जरिए दी थी। अंबाला शहर थाना पुलिस ने गौरव की शिकायत पर पटियाला के राकेश कुमार, विनीत अरोड़ा, लविश अरोड़ा, अनीष गोयल, भाविक, जोनी व अन्य पर केस दर्ज कर जांच शुरू की है। पीड़ित गौरव ने आरोप लगाया कि मारपीट करने के बाद आरोपी उसे जबरन अपनी गाड़ी में डालकर पंजाब के समाना की ओर ले गए। इसी बीच उसका साथी संदीप जान बचाकर भागने में सफल रहा। रास्ते में आरोपियों ने उसकी नई थार गाड़ी की चाबियां, मोबाइल फोन व पासपोर्ट भी छीन लिया। आरोपी गाड़ी में रखे 1.60 लाख रुपये नकद, पर्स के 8 हजार रुपये व असली पासपोर्ट साथ ले गए। गौरव ने बताया कि अपहरण करने की बात भाई साहिल ने डीजीपी को ईमेल के जरिए बताई।




## परेशानीः नहीं चल पाई ट्रेनें, यात्रियों की समस्याएं बरकरार

# तंदवाल के रेल रोको आदोलन में दर्ज हुए मुकदमे तीन साल बाद रद्द, आरोपियों को मिली बड़ी राहत

*13 मार्च 2022 को तंदवाल और आसपास के गांवों के लोगों ने रेलवे ट्रैक जाम कर दिया था*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

गांव तंदवाल के रेलवे स्टेशन (हाल्ट) पर कोरोना काल में बंद हुई लोकल पैसेंजर ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर करीब दो साल पहले दर्ज हुए रेल रोको आंदोलन के मामले अब समाप्त हो गए हैं। न्यायालय ने ट्रेन रोकने के आरोप में दर्ज सभी मामलों को रद्द कर दिया। इससे आंदोलन में शामिल ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। बता दें कि 13 मार्च 2022 को तंदवाल और आसपास के गांवों के लोगों ने रेलवे ट्रैक जाम कर कोरोना काल में बंद ट्रेनों को पुनः चलाए जाने की मांग कर प्रदर्शन किया था। कोरोना के बाद से केवल एक-दो ट्रेनों का संचालन हो रहा था लेकिन उनका भी गांव तंदवाल के रेलवे स्टेशन पर ठहराव नहीं था जिससे ग्रामीण बेहद नाराज़ थे। रेल रोको आंदोलन के दौरान रेल यातायात बाधित होने के कारण रेलवे ने कई ग्रामीणों पर ट्रेन रोकने और रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में मामला दर्ज किया था। कुल 32 लोगों पर यह मुकदमा दर्ज किया गया था। इनमें से एक आरोपी अजीत सिंह की मौत हो चुकी है जबकि बाकी 31 लोगों को तीन साल में लगभग 15 बार अदालत में पेश होना पड़ा। अब रेलवे बोर्ड और रेल मंत्रालय की सहमति के बाद रेलवे पुलिस अदालत में मामला वापस लेने का आवेदन दिया गया। इसे न्यायालय ने स्वीकार कर लिया। आदेश में कहा गया कि अभी तक भी आरोप तय नहीं हुए थे इसलिए सभी अभियुक्तों को आरोपों से मुक्त किया जाता है। ग्रामीणों ने अदालत के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि उनका आंदोलन कानून व्यवस्था बिगाड़ने के लिए नहीं था।



### ट्रेनों का संचालन अब भी नहीं हो पाया

ग्रामीणों द्वारा ट्रैक जाम करने के मुकदमे रद्द हो गए हैं लेकिन तीन साल बीत जाने के बाद भी रेलवे ग्रामीणों की मांगों के अनुसार ट्रेनों का संचालन नहीं कर पाया है। वर्तमान में तंदवाल से अंबाला जाने के लिए सुबह में तीन ट्रेनों का संचालन है लेकिन वापसी के लिए केवल शाम को ही ट्रेन उपलब्ध है। यमुनानगर जाने के लिए शाम तक कोई भी ट्रेन नहीं है। ऐसे में ग्रामीणों को केवल ट्रेन संख्या 65511-12 पर ही निर्भर रहना पड़ता है जो सुबह अंबाला जाती है और शाम को यमुनानगर लौटती है।

### मुख्यमंत्री, सांसद, और विधायक से कर चुके मांग

तंदवाल के ग्रामीण ट्रेनों को पुनः चलाए जाने की समस्या सांसद स्वः रतन लाल कटारिया, सीएम नायब सैनी और स्थानीय विधायकों के सामने कई बार रख चुके थे, लेकिन किसी ने भी ग्रामीणों की इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया। ग्रामीण कमल चौहान ने बताया कि हम लोगों के खिलाफ दर्ज केस तो कैंसिल हो गया है। इसके आदेश भी आ चुके हैं। इस बात की खुशी है लेकिन जिस मांग को लेकर आंदोलन किया गया था, वह समस्या तो अभी भी बरकरार है। सरकार को चाहिए कि वह लोगों की मांग को पूरा करें और कोरोना काल से बंद पड़ी सभी ट्रेनों को दोबारा चलाया जाए।

## एक लाख लाभार्थियों को ऋण वितरण की शुरुआत

# पीएम स्वनिधि क्रेडिट कार्ड का शुभारंभ 20 स्ट्रीट वेंडरों को मिले स्वीकृति पत्र

महापौर रेनू बाला गुप्ता की अध्यक्षता में नगर निगम सभागार में कार्यक्रम, उप निगम आयुक्त अभय सिंह ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को केरल राज्य के तिरुवनंतपुरम से पीएम स्वनिधि क्रेडिट कार्ड का शुभारंभ किया और योजना के तहत एक लाख लाभार्थियों को ऋण वितरण की शुरुआत की। यह कार्यक्रम देशभर में लाइव प्रसारित हुआ। इसी कड़ी में करनाल नगर निगम कार्यालय के सभागार में महापौर रेनू बाला गुप्ता की अध्यक्षता में पीएम स्वनिधि ऋण स्वीकृति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बीस लाभार्थी स्ट्रीट वेंडरों को ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए।

इन क्रेडिट कार्ड की सीमा तीस हजार रुपये होगी। उप निगम आयुक्त अभय सिंह ने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना के तहत पहले दस हजार रुपये, बीस हजार तथा पचास हजार रुपये की किस्त जारी की जाती थी। उन्होंने बताया कि सितंबर दो हजार पच्चीस से संशोधित योजना के अनुसार पहली किस्त पंद्रह हजार रुपये, दूसरी किस्त पच्चीस हजार तथा तीसरी किस्त पचास हजार रुपये की जारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि अब तक करनाल जिले के बारह हजार दो सौ पंद्रह स्ट्रीट वेंडरों को पहली किस्त, चार हजार तैंतीस को दूसरी तथा एक हजार एक सौ पचहत्तर स्ट्रीट वेंडरों को तीसरी किस्त जारी की जा चुकी है।

### स्ट्रीट वेंडरों के लिए वित्तीय पहुंच और बेहतर होगी

महापौर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री की इस पहल से स्ट्रीट वेंडरों के लिए वित्तीय पहुंच और बेहतर होगी। उन्होंने बताया कि डिजिटल लेनदेन और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए पचास हजार रुपये का बिना गारंटी ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा, जिससे स्ट्रीट वेंडर अपना काम बढ़ाकर अच्छी आमदनी कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि जो स्ट्रीट वेंडर दूसरी किस्त अदा कर देता है, वह पीएम स्वनिधि क्रेडिट कार्ड के लिए योग्य हो जाता है। योजना के तहत करनाल जिले में विभिन्न बैंकों के माध्यम से सभी योग्य स्ट्रीट वेंडरों को क्रेडिट कार्ड दिए जाएंगे।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में उप निगम आयुक्त अभय सिंह, अग्रणी जिला प्रबंधक सुशील कुमार हंडूजा, वार्ड आठ के पार्षद संकल्प भंडारी, वार्ड बीस के पार्षद सुधीर यादव, मनोनीत पार्षद विशेष वर्मा, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि, सीपीओ शाखा से संजय शर्मा व रावत शर्मा तथा नगर निगम स्टाफ मौजूद रहा।



तरावड़ी। प्रताप स्कूल के बच्चे कार्यक्रम में भाग लेते हुए, साथ है स्कूल स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

# प्रताप पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों और स्टाफ ने मनाई बसंत पंचमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

प्रताप पब्लिक स्कूल में विद्या की देवी माँ सरस्वती की आराधना का पर्व बसंत पंचमी पहली कक्षा के छात्रों द्वारा अत्यंत श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूरा विद्यालय परिसर पीले फूलों और बसंती छटा से सुशोभित रहा, जिससे वातावरण में नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने अत्यंत मधुर स्वर में सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। वीणावादिनी की इस स्तुति ने संपूर्ण वातावरण को भक्तिमय बना दिया और सभी ने देवी माँ से ज्ञान व बुद्धि का आशीर्वाद प्राप्त करने की कामना की। बसंती परिधानों में सजे बच्चों की लयबद्ध प्रस्तुतियों ने प्रकृति के सौंदर्य एवं ऋतुराज वसंत के आगमन का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एक विशेष नाटिका रही, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों ने अत्यंत सरल और प्रभावी ढंग से यह संदेश दिया कि बसंत पंचमी क्यों मनाई जाती है तथा इसका धार्मिक और प्राकृतिक महत्व क्या है। इसी क्रम में बच्चों ने आपसी रिश्तों की अहमियत पर भी एक भावपूर्ण संदेश प्रस्तुत किया। अभिनय के माध्यम से उन्होंने दर्शाया कि जिस प्रकार वसंत ऋतु में प्रकृति खिल उठती है, उसी प्रकार प्रेम, स्नेह और सम्मान से हमारे संबंध भी मधुर बनते हैं। पतंगबाजी के आनंद के साथ उत्सव का समापन अत्यंत उल्लासपूर्ण एवं रोमांचक वातावरण में किया गया।

### बसंत पंचमी ज्ञान, विद्या और संस्कारों का प्रतीक

विद्यालय की निर्देशिका पिंकी चौधरी ने बच्चों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व ज्ञान, विद्या और संस्कारों का प्रतीक है तथा ऐसे आयोजन बच्चों में भारतीय संस्कृति और सीखने की रुचि को बढ़ावा देते हैं।

### संस्कृति एवं परंपराओं से जुड़े रहने की प्रेरणा दी

विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास उतरेजा ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें अपनी संस्कृति एवं परंपराओं से जुड़े रहने की प्रेरणा दी। नन्हे बच्चों की मुस्कान और रंग-बिरंगी पतंगों की उड़ान ने इस बसंतोत्सव को हमेशा के लिए यादगार बना दिया।

## खबर संक्षेप



### बसंत उत्सव में फूलों की होली, जयघोष से गूंजा मंदिर परिसर

**करनाल।** ब्रज परंपरा के अनुरूप वार्षिक उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाराज ने श्रद्धालुओं को बसंत उत्सव की बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान फूलों की होली खेली गई, जिसमें राधा-कृष्ण के दिव्य स्वरूप के साथ श्रद्धालु भक्ति-रस में सराबोर हो गए। मंदिर में पंडित हरीश तथा हिमांशु पंडित ने विधि-विधान से पूजा संपन्न करवाई। उत्सव में हजारों की संख्या में भक्तों ने भाग लिया और भजनों व होली रसिया के माध्यम से आनंद उठाया। वातावरण राधे-राधे और श्याम के जयघोष से गूंज उठा।



### जोहड़ के ओवरफ्लो होने से गलियों मे भरा पानी

**इंद्री।** इंद्री के गांव जैनपुर साधान के अधीन पडने वाले डेरे में थोड़ी सी बारिश होते ही डेरे की गलियों में पानी भर गया जिस कारण लोगों का घर से निकल कर गलियों मे चलना मुश्किल हो गया है। गलियों में पानी भरा होने से डेरा वासियों में रोष पनपता जा रहा है। उन्होंने बताया कि वे कई बार इस समस्या के समाधान के लिए मांग कर चुके है। लेकिन बार-बार मांग करने के बाद भी उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने तुरंत जोहड की सफाई करवा कर समस्या से निजात दिलवाने की मांग की है।

### महाशिवरात्रि को लेकर प्रभातफेरी, हुआ स्वागत

**करनाल।** श्री सनातन धर्म शिव मंदिर सभा, पुराना सर्राफा बाजार करनाल की ओर से महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में प्रतिदिन प्रभातफेरी निकाली जा रही है। शुक्रवार को प्रभातफेरी वकीलपुरा, सदर बाजार, उपकार कॉलोनी, संत नगर, चमन गार्डन, बैंक कॉलोनी व चौधरी कॉलोनी पहुंची, जहां लोगों ने पुष्प वर्षा कर भोलेनाथ की पालकी व श्रद्धालुओं का स्वागत किया। हर हर महादेव के जयकारे लगाए गए। बच्चों ने भी भोलेनाथ की आरती की। ढोल की थाप पर शिव भक्त नाचते नजर आए। रमेश जिंदल ने बताया कि 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन विशाल एवं भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि 1 फरवरी से 13 फरवरी तक सांग और रागिणी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

### बारिश भी नहीं रोक सकी श्रद्धालुओं की आस्था



**करनाल।** शहर की पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में बसंत पंचमी का पावन पर्व श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया गया। सुबह से लगातार हो रही बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था में कोई कमी नहीं आई और बड़ी संख्या में भक्त मंदिर पहुंचे। भक्तों ने बाबा श्याम के दर्शन कर अपने परिवार के लिए सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। बसंत पंचमी के अवसर पर मंदिर परिसर एवं बाबा श्याम के दिव्य स्वरूप को रंग-बिरंगे और सुगंधित फूलों से भव्य एवं आकर्षक ढंग से सजाया गया। मंदिर में पूरे दिन भक्तों की आवाजाही बनी रही और जय श्री श्याम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। पर्व के उपलक्ष्य में मंदिर में विशेष भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। मधुर भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। शुभ अवसर पर बाबा श्याम के वस्त्र विधिवत रूप से बदले गए तथा श्रद्धालुओं को बाबा श्याम के पावन वस्त्रों का बागा प्रसाद स्वरूप वितरित किया गया। श्री खाटू श्याम मंदिर के मुख्य सेवक देसराज गुप्ता ने सभी श्रद्धालुओं को बसंत पंचमी पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर करनाल सहित आसपास के क्षेत्रों और दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां आने वाले भक्त बाबा श्याम के दर्शन कर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना करते हैं। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। सेवकों और स्वयंसेवकों द्वारा श्रद्धालुओं को कतारबद्ध कर दर्शन करवाए गए, जिससे व्यवस्था सुचारू बनी रही। इस अवसर पर देसराज गुप्ता, राजेश गर्ग, महेंद्र गुप्ता, अनिल गर्ग, राम करण गोयल, अशोक सिंघला, अनुपम त्रिपाठी, पंडित उमेश पांडे, पवन गुप्ता, राजेश सिंघला, हरीश सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# सर्व कल्याण मंच ने मनाई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री




इंद्री। गांव उड़ाना सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाते सर्व कल्याण मंच के सदस्य।

सर्व कल्याण मंच हरियाणा की टीम द्वारा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र उड़ाना की अध्यक्षता में गांव उड़ाना में भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी एवं आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मंच के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें कोटि-कोटि नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि नेताजी का जीवन त्याग, संघर्ष और राष्ट्रभक्ति की मिसाल है, जो आज भी देशवासियों और युवाओं को प्रेरणा देता है। प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र उड़ाना ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आजादी की लड़ाई में अहम भूमिका निभाई और आजाद हिंद फौज के माध्यम से देशवासियों में नया जोश भरा। उन्होंने युवाओं से नेताजी के विचारों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में भागीदारी निभाने का आह्वान किया। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने नेताजी के आदर्शों पर चलने और देश सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सनी पपनेजा, गुरमीत सिंह, रविंदर राठौर, सक्षम प्रजापति, विकास, राकेश व शिवा आदि काफी संख्या में मंच के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का सम्मान सुभाष चंद्र बोस को दी श्रद्धांजलि



**करनाल।** स्वतंत्रता संग्राम के महानायक सुभाष चंद्र बोस की जयंती और बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज करनाल के रक्त कोष में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं रक्तदाता सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा आयोजित किया गया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से सेवानिवृत सहायक कुलसचिव दविन्द्र सचदेवा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित किया और कहा कि रक्तदान महान और पुण्य का कार्य है। कार्यक्रम की शुरुआत सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि स्वरूप रक्तदान शिविर के शुभारंभ के साथ की गई। समारोह में पंडित दीनदयाल उपाध्याय चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय कुटेल के उपाधीक्षक राम कुमार और समाजसेवी रमेश कल्याण को कलीराम मेमोरियल अवार्ड तथा तिरंगा देकर सम्मानित किया गया। शिविर में रक्तदान करने वाले शमशेर सिंह, रमेश कुमार, राम कुमार, रमेश कल्याण, सहायक उप निरीक्षक सतपाल, हर्ष, विशाल, संजीव, विकास सहित सभी रक्तदाताओं को तिरंगा और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने अतिथियों और रक्तदाताओं का स्वागत करते हुए कहा कि रक्तदान जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी है। उन्होंने कहा कि आज रक्तदान कर हम सुभाष चंद्र बोस को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।

# आशा वर्कर्स यूनियन ने सौंपे 12 फरवरी की हड़ताल के नोटिस

- ऑनलाइन काम का दबाव, मानदेय रोकने की धमकी और आर्थिक प्रताड़ना का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

आशा वर्कर यूनियन की ओर से शुक्रवार को बरसात के बीच भी अलग-अलग पीएचसी व सीएचसी में जाकर अधिकारियों को 12 फरवरी की हड़ताल के नोटिस सौंपे गए। पीएचसी इंदिरा कॉलोनी, सेक्टर छह, रामनगर, सेक्टर तेरह और सिटी डिस्पेंसरी में संबंधित चिकित्सा अधिकारियों को हड़ताल का नोटिस दिया गया। इस मौके पर जिला सचिव सुदेश रानी, रूपा सैनी, रेनू, इंदू, मीनू, सुनीता व सीनू ने कहा कि आशा वर्कर लगातार फील्ड में काम करती हैं और रिकॉर्ड भी मेंटेन करती हैं, लेकिन अब सरकार आशाओं पर ऑनलाइन काम करने का दबाव बना रही है। लगातार ऑनलाइन काम का दबाव बढ़ने से आशाओं की नियमित गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारी ऑनलाइन काम करने का दबाव बनाते हैं और अगर आशा ऑनलाइन काम से जुड़ी समस्याएं विभाग के अधिकारियों को बताती हैं तो उनकी बात नहीं सुनी जाती। उन्होंने कहा कि आशाओं को मानदेय रोकने की धमकी दी जाती है और कई जगह मानदेय रोकने की कोशिश की जा रही है, जो आर्थिक प्रताड़ना का मामला है। विभाग द्वारा आशाओं को मानसिक व आर्थिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है और काम से हटाने की धमकी दी जा रही है। आशाओं को जो मानदेय मिलता है वह भी समय पर नहीं दिया जाता। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में आशा वर्कर्स ने 73 दिन तक हड़ताल की थी। हड़ताल खत्म होने के बाद आशा वर्करों ने सारे रुके हुए कार्य पूरे किए। हड़ताल के दौरान सरकार के साथ हुए समझौते में आशा वर्कर्स के 73 दिन के मानदेय दिए जाने का वायदा किया गया था, लेकिन सरकार ने हड़ताल के मानदेय की फाइल को कैंसिल कर दिया है।



### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर इंदु, सपना, नीतू, मीनू, सुनीता, चंदा, सरोज, संगीता, शीनू, राजरानी, सीमा, नेहा व माया आदि मौजूद रहीं।

### सर छोटू राम जयंती पर किसान भवन में कार्यक्रम, विचारधारा पर चलने का संकल्प

**करनाल।** करनाल स्थित रहबर-ए-आजम दीनबंधु सर छोटू राम किसान भवन में बसंत पंचमी के अवसर पर महान किसान-मजदूर नेता सर छोटू राम की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह घुम्मन ने की, जबकि संचालन जिला महासचिव सुरेंद्र सिंह बेनीवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सर छोटू राम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। मुख्य वक्ता भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रतन मान ने कहा कि ब्रिटिश शासनकाल में चौधरी सर छोटू राम ने किसान और मजदूर वर्ग को कर्ज के जाल से मुक्त करने के लिए ऐतिहासिक कानून बनाए। उन्होंने बताया कि ऐसे कानून लागू कराए गए, जिनके तहत किसान या मजदूर के रहने का घर, बैलगाड़ी, महिलाओं के जेवरात और घरेलू बर्तन कर्ज के बदले नीलाम नहीं किए जा सकते थे। रतन मान ने कहा कि सर छोटू राम ने कर्ज मुक्ति बोर्ड का गठन कर धोखे से हड़पी गई जमीनों को मुक्त करवाया और उन्हें वास्तविक मालिकों को वापस दिलवाया। उन्होंने कहा कि आज भी सर छोटू राम की नीतियां प्रासंगिक हैं और किसान-मजदूरों को उनके अधिकार दिलाने के लिए उनके मार्ग पर चलना जरूरी है। कार्यक्रम के अंत में संगठन ने सर छोटू राम के सिद्धांतों पर चलकर किसान-मजदूरों के हक की लड़ाई को और तेज करने का संकल्प लिया। भारतीय किसान यूनियन द्वारा छब्बीस जनवरी को प्रदेश स्तरीय तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें हजारों ट्रैक्टर शामिल होंगे। यह यात्रा जींद के रामराय गांव से शुरू होकर गुलकनी गांव स्थित शहीद स्मारक पर संपन्न होगी। तिरंगा यात्रा की अगुवाई भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव युद्धवीर सिंह सहरावत करेंगे। इस अवसर पर प्रेम सिंह सांगवान, सुरेंद्र बैनिवाल, रामफल नरवाल, सतीश कुमार, महेंद्र सिंह मढान, सुरेंद्र पाल सिंह, रमेश कुमार, कंवर सिंह राणा, कलेक्टर सिंह राणा, रामप्रकाश, राजकुमार, सुरेंद्र सांगवान, प्रकाश देशवाल, वेदपाल सांगवान, देवेंद्र सांगवान, राजकुमार नौतना, टीनू सोहाना सहित अनेक किसान और संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जीरी के कट्टों की चोरी में तीन आरोपी गिरफ्तार, दो दिन का रिमांड मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



जिला पुलिस ने चोरी की वारदातों पर प्रभावी अंकुश लगाते हुए थाना मधुबन के प्रबंधक निरीक्षक गौरव पूनिया के नेतृत्व में गठित टीम ने जीरी के कट्टों की चोरी के मामले में गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई मुख्य सिपाही कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रामफूल उर्फ भूल्ला पुत्र जयभगवान, सुधांशु पुत्र कर्म सिंह तथा अक्षय कुमार पुत्र पाली, तीनों निवासी गांव अमृतपुर कला, थाना मधुबन, जिला करनाल के रूप में हुई है। अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता संजीव कुमार पुत्र मूलचंद ने शिकायत दी थी कि 30/31 दिसंबर 2025 की रात को उनके राइस मिल से जीरी के कुछ कट्टे चोरी हो गए थे। शिकायत के आधार पर थाना मधुबन में मुकदमा नंबर 513/2025 धारा 305, 3(5) के अंतर्गत दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार जांच के दौरान एकत्र किए गए साक्ष्यों के आधार पर तीनों आरोपियों को काबू किया गया। प्राथमिक पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि उक्त चोरी के अतिरिक्त उन्होंने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर थाना मधुबन क्षेत्र में स्थित भगवती राइस मिल तथा समृद्धिया राइस मिल से भी जीरी के कट्टे चोरी किए थे।

**कार्यक्रम** बेटियों का विवाह कार्य समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत, अन्य संस्थाओं को भी ऐसे कार्यों के लिए आगे आना चाहिए

# शिव शक्ति इंटर ग्लोबल ने करवाया 12 कन्याओं का सामूहिक विवाह

- विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने भी कार्यक्रम मे शिरकत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी\घरौंडा





तरावड़ी। मंच पर वर-वधू को आशीर्वाद देते विधायक भगवान दास कबीरपंथी व रमेश गुप्ता परिवार तथा दहेज में दिया गया सामान। फोटो : हरिभूमि

शिव शक्ति इंटर ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड की ओर से शुक्रवार को तरावड़ी में भव्य सामूहिक कन्या विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इसमें 12 कन्याओं का विवाह पूरे वैदिक रीति-रिवाजों व विधि-विधान के साथ पंडितों द्वारा संपन्न करवाया गया। समारोह के दौरान शिव शक्ति इंटर ग्लोबल ग्रुप की ओर से प्रत्येक कन्या को घरेलू उपयोग का आवश्यक सामान, फर्नीचर, कपड़े एवं कन्यादान स्वरूप शगुन राशि प्रदान की गई। विवाह उपरांत बारातियों व अतिथियों के लिए भव्य कार्यक्रम मे विशेष रूप से भोजन का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी ने प्रसाद व भोजन ग्रहण किया। इस अवसर पर शिव शक्ति इंटर ग्लोबल एवं भारत ग्रुप के परिवार के सभी सदस्यों ने नवविवाहित कन्याओं को कन्यादान देकर आशीर्वाद प्रदान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे स्थानीय विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा—सामूहिक कन्या विवाह जैसे आयोजन समाज में समानता, भाईचारे और सेवा भावना को मजबूत करते हैं। शिव शक्ति इंटर ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया यह कार्य समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है और अन्य संस्थाओं को भी ऐसे कार्यों के लिए आगे आना चाहिए एमडी अमन गुप्ता ने कहा कि भविष्य में भी हमारा ग्रुप शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण के क्षेत्रों में इसी तरह के सेवा कार्य निरंतर करता रहेगा, ताकि हर बेटी सम्मान और आत्मविश्वास के साथ अपने नए जीवन की शुरुआत कर सके। इसके इलावा भारत ग्रुप परिवार के सदस्यों ने वर वधू को कन्यादान देकर अपना आर्शीवाद दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, वर-वधु पक्ष के परिजन एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। संपूर्ण आयोजन धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता और सेवा भावना का सजीव उदाहरण बना।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम मे एम डी अमन गुप्ता, लाला नाथी राम गुप्ता, राकेश गुप्ता, संजय गुप्ता, रूशिल गुप्ता, घनश्याम दास गर्ग, प्रधान विरेन्द्र बंसल, संजय बंसल, सुशील कुमार, सहित शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### बेटियों का विवाह करवाना सामूहिक जिम्मेदारी

वहीं आयोजनकर्ता एवं शिव शक्ति इंटर ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के सीएमडी रमेश गुप्ता ने अपने विस्तृत संबोधन में कहा— हमारा मानना है कि बेटी समाज की शान है और उसका सम्मानपूर्वक विवाह कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। शिव शक्ति इंटर ग्लोबल केवल एक व्यावसायिक संस्था नहीं है, बल्कि समाज के प्रति अपने दायित्वों को निभाने वाला एक परिवार है। जरूरतमंद कन्याओं के विवाह में सहयोग कर उन्हें घरेलू सामान, आवश्यक सुविधाएं और कन्यादान प्रदान करना हमारा सामाजिक संकल्प है। इस प्रकार के आयोजन न केवल आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहारा देते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश भी देते हैं।

## खबर संक्षेप



समालखा। सभा को संबोधित करते हुए वक्ता। फोटो : हरिभूमि

### सरकारें बदली पर पूंजीवादी नीतियां नहीं बदली

समालखा। आजादी आंदोलन के महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129 वीं जयंती पर महेंद्र सिंह सभागृह लाइन पार सामलखा में एक सभा की गई। सभा की अध्यक्षता राजवीर सिंह ने की व संचालन संजीव कुमार ने किया। आज की सभा के मुख्य वक्ता एआईयूटीयूसी हरियाणा राज्य सचिव का.हरिप्रकाश ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने जिस तरह का समाज बनाने का सपना लेकर अपना जीवन कुर्बान किया था, वैसी आजादी नहीं आई। वह अंग्रेजों को भगाने के साथ ही साथ

### अच्छी बारिश से फसलों को लाभ, किसान खुश

इसराना। आज सुबह 6 बजे से इसराना क्षेत्र में रूक रूक कर हल्की व तेज बारिश फसलों के लिए लाभदायक साबित हो रही है। वहीं इस बारिश से किसानों के चेहरों पर खुशी देखी जा रही है। वह बारिश से इसराना में नेशनल हाईवे पर बारिश का पानी जमा होने से वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ी। पानी जाम होने से स्थानीय प्रशासन की सफाई व्यवस्था की पोल खोल दी।

### अमित राठी ने रिलायंस जियो के खिलाफ केस किया

पानीपत। जिला कोर्ट परिसर में मोबाइल नेटवर्क में आ रही दिक्कतों से परेशान वकीलों ने खुद कोर्ट में केस दायर कर दिया। टेलिकॉम कंपनी रिलायंस जियो के खिलाफ लोक अदालत में दायर याचिका में कंपनी के चेयरमैन आकाश अंबानी और मैनेजिंग डायरेक्टर ईशा अंबानी तक को पार्टी बनाया है। याचिका में वकीलों ने कहा कि उनके चैंबरों में रेंज नहीं आती। मुवक्किल से बात करने के लिए खुले मैदान में जाना पड़ता है। याचिकाकर्ता ने कहा कि इससे अदालती कामों में अनावश्यक देरी होती है। याचिकाकर्ता एडवोकेट अमित राठी ने बताया कि अदालत ने याचिका पर सुनवाई करते हुए सभी को समन जारी कर जवाब तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई 20 फरवरी को होनी सुनिश्चित की गई है। कोर्ट परिसर में प्रैक्टिस करने वाले एडवोकेट अमित राठी पिछले काफी समय से जियो नेटवर्क की खराब सेवाओं से जूझ रहे थे। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि कोर्ट परिसर, विशेष रूप से वकीलों के चेंबर, दो मुख्य कोर्ट बिल्डिंग और टाइपिस्ट कॉम्प्लेक्स में जियो का नेटवर्क पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है।

# बसंत पंचमी का पर्व हमें ज्ञान व प्रेरणा की दिशा में बढ़ने के लिए करता है प्रेरित

## ब्रह्माकुमारी सेंटर सेक्टर 25 पर बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित



पानीपत। सरस्वती पूजा करते हुए बीके अंजना व अन्य तथा बंसत पंचमी पर पीले चावलों को प्रसाद विद्यार्थियों को देते हुए स्कूल प्रबंधक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

ब्रह्माकुमारी सेंटर सेक्टर 25 पर बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में प्रोग्राम किया गया। प्रोग्राम की शुरुवात मां सरस्वती के भजनों द्वारा की गई। बीके अंजना बहन सेक्टर 25 सेंटर की मुख्य संचालिका ने बसंत पंचमी का महत्व बताते हुए कहा कि बसंत पंचमी, जिसे सरस्वती पूजा के नाम से भी जाना जाता है एक महत्वपूर्ण हिंदू त्योहार है। जो ज्ञान, संगीत और कला की देवी सरस्वती को समर्पित है। यह पर्व माघ महीने के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है। बसंत पंचमी का पर्व हमें ज्ञान और प्रेरणा की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। यह पर्व हमें अपने जीवन में ज्ञान, कला और संस्कृति के महत्व को समझने और अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। इस अवसर पर श्वेता, सोनिया, ममता, शीला, बिमला, कैलाश, शकुंतला व प्रोमिला आदि मौजूद रहे।

### मोहित पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी का भव्य आयोजन

पानीपत। मोहित पब्लिक स्कूल में आज बसंत पंचमी पर्व साथ मनाया गया। बच्चों ने पीले वस्त्र धारण कर मां सरस्वती की पूजा.अर्चना की तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्कूल के प्रिंसिपल के राजेंद्र पाल ने कार्यक्रम की शुरुआत वेद मंत्रों की वंदना से हुई। उसके बाद बच्चों ने सरस्वती वंदना, नृत्य और गीत प्रस्तुत किए। स्कूल की चेयरपर्सन किरण रानी ने मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्वलित किया तथा बच्चों को ज्ञानार्जन के लिए प्रेरित किया। बच्चों ने मनोहारी झांकियां सजाईं और कविताएं सुनाई। बच्चों को पीले चावलों का प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर अनुसुधा, मधुबाला, ममता, पूजा, भूमिका सोनिया, तानिया, प्रीति, जिया व रजनी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।


पानीपत। सचखंड श्री नांदेड़ साहिब के लिए फ्लाइट सेवा का स्वीकृति पत्र दिखाते हुए पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# सचखंड श्री नांदेड़ साहिब के लिए फ्लाइट सेवा को मिली हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य सरदार मोहन जीत सिंह ने बताया कि हरियाणा से सचखंड श्री नांदेड़ साहिब हजूर साहिब के लिए सीधी फ्लाइट सेवा की लंबे समय से चली आ रही सिख संगत की मांग पूरी हो गई है। हरियाणा सरकार ने नांदेड़ साहिब के लिए ट्रायल बेसिस पर फ्लाइट सेवा को हरी झंडी दे दी है।

■ सिख संगत में खुशी का माहौल : सरदार मोहन जीत सिंह

ट्रायल फ्लाइट 25 जनवरी को हरियाणा के हिसार एयरपोर्ट से दोपहर 2:30 बजे रवाना होगी और शाम 5:30 बजे नांदेड़ साहिब पहुंचेगी। तीन दिन के प्रवास के बाद यह फ्लाइट 28 जनवकरी को नांदेड़ साहिब से शाम 4 बजे रवाना होकर चंडीगढ़ पहुंचेगी। फ्लाइट में कुल 61 सीटें उपलब्ध है। हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा श्रद्धालुओं को दिया जाएगा। पहली ट्रायल फ्लाइट है और इसके सफ ल होने पर सरकार साप्ताहिक या मासिक आधार पर हिसार एयरपोर्ट से नांदेड़ साहिब के लिए नियमित फ्लाइट सेवा शुरू करेगी। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष जगदीश सिंह झिंडा ने बताया कि इस मांग को लेकर पूर्व कार्यकारिणी सदस्य विनर सिंह, मोहनजीत सिंह, रूपिंदर सिंह, हरनेक सिंह, इकबाल सिंह, बलविंदर सिंह भिंडर, लाड़ी डबरी, कवलजीत सिंह अजराना, इंदरजीत सिंह,लवजिंदर सिंह ,मसाना साहब समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति ने हरियाणा सरकार के प्रिंसिपल सेक्रेटरी फ ॎरेन अफेयर्स डिपार्टमेंट के साथ बैठक की थी।


पानीपत। नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धा सुमन अर्पित करते रोहित गौतम व अन्य।

### नेताजी का जीवन अदम्य साहस की जीती जागती मिसाल

पानीपत। आजाद हिंद फौज के संस्थापक, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर कबीर धर्मशाला वार्ड 11 में आजाद हिंद फौज संगठन के सदस्यों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनको नमन किया। वहीं जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। संगठन के चेयरमैन रोहित गौतम ने कहा कि नेताजी का जीवन अदम्य साहस की एक जीती जागती मिसाल रहा। उनके जन्मदिन जो कि पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है हम सब भारतवासियों के लिए प्रेरणा देने का कार्य करता है। हमें भी जीवन में उनके संघर्ष और बलिदान से सीखना चाहिए व देशहित के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। हमारी आने वाली पीढ़ियों को उनके संघर्ष व कार्यो के बारे में बताना चाहिए ताकि वे भी इससे प्रेरणा ले सकें। इस अवसर पर शिक्षक बोधराज श्योराण, सुधीर शर्मा, करण शर्मा, राजेश शर्मा, विक्रम खन्ना व रोशन लाल आदि उपस्थित रहे।

### हथवाला व समालखा में चलाया नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान

समालखा। पानीपत पुलिस जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में विशेष जागरूकता अभियान चलाए हुए है। इसी कड़ी में जिला पुलिस की नशा मुक्त अभियान की टीम ने आज गांव हथवाला और समालखा के वार्ड 15 व 16 में डोर टू डोर जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभाव की जानकारी देकर जागरूक किया। अभियान के जिला नोडल अधिकारी डीएसपी नरेंद्र सिंह ने कहा कि नशे से शरीर का नुकशान होने के अतिरिक्त पैसों की भी बर्बादी होती है। नशा करने वाले व्यक्ति का ध्यान अपराध की तरफ बढ़ता है। उन्होंने कहा कि यदि गांव में कोई संदिग्ध गतिविधि दिखे या नशा बेचने व करने की जानकारी मिलेए तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। स ूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

# पार्षद कोमल के पुत्र को आशीर्वाद देने पहुंचे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

बरसत रोड स्थित सचदेवा गार्डन में आज वार्ड नंबर 6 की पार्षद कोमल पांचाल को पुत्र रत्न की प्राप्ति के बाद कुआं पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आशीर्वाद देने के लिए हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के बड़े भाई हरपाल ढांडा, मेयर कोमल सैनी, पार्षद नवल जिंदल, रॉकी गहलोत, अनिल बजाज, संजीव दहिया, अशोक कटारिया, सोनू संधू, मोनू नारंग, पार्षद पति अनिल शर्मा, तिरुपति

■ पति तरूण तावड़ा ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया


पानीपत। मंत्री महीपाल ढांडा के भाई हरपाल ढांडा कोमल पांचाल के पुत्र को आशीर्वाद देते हुए। फोटो : हरिभूमि

खादी ग्रामोद्योग के सचिव विनय गर्ग, श्री विश्वकर्मा महासभा के संयोजक ओमपाल पांचाल, पांचाल समाज के जिला अध्यक्ष विपिन पांचाल,दिनेश सैनी, जेजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र कादियान, इनेलो प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ के महासचिव रणबीर देशवाल, पार्षद अजीत बिट्टू प्रजापति, पूर्व मेयर सुरेश वर्मा, आशु शर्मा, मोहर सिंह सैनी, मास्टर विनोद सेन, रामकुमार वर्मा, सोमपाल फोरमैन, रोहतास पांचाल, डॉक्टर इंद्रपाल, बिजेंद्र पांचाल, रविंद्र मंडावर, भूपेंद्र पांचाल, महीपाल सूबेदार, सूबेदार विशंभर सिंह, श्री राम दशहरा कमेटी के प्रधान भीम सचदेवा, पूर्व सरपंच सुंदरलाल वधवा, नंबरदार नरेश आनंद, शेरसिंह खर्ब एडवोकेट, सुनील चोपड़ा, सोम मदान, बृजपाल राणा, अरुण राणा, राममेहर शर्मा, सतबीर धीमान कालू, श्री विश्वकर्मा मंदिर गोहाना रोड के प्रधान राजकुमार पांचाल माजरी, संरक्षक विनोद पांचाल, मीडिया प्रभारी मोहन लाल, राममेहर कौशिक, डा.प्रवीण पांचाल, महेंद्र जांगड़ा, सतपाल जांगड़ा, रामेश्वर गुर्जर आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा के प्रधान एवं भाजपा नेता ईसम कुमार पांचाल व उनकी पुत्रवधु पार्षद कोमल पांचाल तथा उनके पति तरूण तावड़ा ने आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद किया।

# गुरु रविदास का संदेश सच्ची मानवता का पक्षधर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के चीफ मीडिया कोऑर्डिनेटर सुदेश कटारिया ने नारायना, मनाना, चुलकाना, पट्टीकल्याणा, भापरा, जौरासी, आट्टा, हथवाला, देहरा, पावटी, शिमला गुजरान और बापौली सहित इलाके के दर्जनभर गांव का तूफानी दौरा किया और लोगों को आगामी 31 जनवरी को संत शिरोमणि गुरु रविदास जी

■ सर्वप्रथम नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया


समालखा। सुदेश कटारिया को सम्मानित करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

महाराज की 649वीं जयंती के उपलक्ष्य में कुरुक्षेत्र के उमरी गांव में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय समारोह में भारी संख्या में पहुंचने का न्योता दिया। सर्वप्रथम नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान जन चेतना ट्रस्ट के सुप्रीमो सुदेश कटारिया ने कहा कि गुरु रविदास जैसी महान विभूतियों को किसी जाति, धर्म या मजहब आदि से जोड़कर नहीं देखा जा सकता। कटारिया ने बताया कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में भव्य मंदिर, शोध केंद्र और छात्रावास की आधारशिला रखी जाएगी। गुरु रविदास का संदेश सच्ची मानवता का पक्षधर है। जिसके लिए 5.5 एकड़ जमीन उपलब्ध कराई गई है। जो रविदास समाज के लिए बेहद गर्व और गौरव की बात है। कार्यक्रमों में सुदेश कटारिया का फूल मालाओं से स्वागत किया गया तथा लोगों ने उन्हें स्मृति चिन्ह आदि देकर भी सम्मानित किया। इन अवसरों पर बडौली के पूर्व सरपंच प्रेम रंगा, राम मेहर छाछिया, नवरत्न पावटी, रणधीर चौहान, सरपंच प्राची , कृष्ण कुमार, कपिल देहरा, करण सिंह सैनी, एडवोकेट प्रमोद छाछिया, बलराज बापौली, आजाद मेहरा शिमला गुजरान, अनिल गाहल्याण, धर्मवीर कुराना, सरपंच मनीषा शर्मा आदि मौजूद रहे।


पानीपत। सर छोटूराम की प्रतिमा को फूल माला पहनाते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

### पुराना शुगर मिल में किया सर छोटू राम को याद

पानीपत। पुराना शुगर मिल में आज सर छोटू राम जी जयंती मनाई गई। जिसमें मालपुर किसान मजदूर संगठन और छोटू राम किसान मंच शुगर मिल संगठन ने सर छोटू राम की प्रतिमा को फूल मलाई अर्पित की और सर छोटू राम जी के विचारों पर पर चलने की प्रतिज्ञा ली। शुगर मिल प्रधान बिजेंद्र मलिक की तरफ से सभी किसानों का धन्यवाद किया गया। इस अवसर पर किसान मजदूर संगठन सोनू मालपुर एवं सर छोटू राम मंच किसान शुगरमिल जय कुमार सिवाह, संजय बुडशाम, विजेंद्र मलिक, राजेंद्र नंगला, राजू पेंटर, कृष्ण, महेंद्र सिंह, हरपाल शर्मा नंद आदि मौजूद रहे।

### अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी पानीपत में अपने जौहर दिखाएंगे

पानीपत। फिजिकल डिसएबल क्रिकेट इंडिया वर्सिस इंडिया ए का मैच केसरी दिव्यांग 20 क्रिकेट कप जोकि आर्य क्रिकेट अकैडमी पानीपत में दो मुकाबला 24 जनवरी को होंगे। आर्य क्रिकेट अकादमी की अध्यक्ष मनीष दहिया ने देते हुए बताया कि दोनों मुकाबलों का स्पोट्र्स लाइव 2 पर सीधा प्रसारण 9 बजे होगा। जिसमें भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया और शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा का इस टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए पूरा सहयोग कर रहे हैं। इनके साथ आर्य क्रिकेट अकादमी की आयोजक कमेटी में कुलदीप जैन, गिरीश इलेक्ट्रिक कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर और टूर्नामेंट के स्पॉन्सर सृष्टि इलेक्ट्रिक कंपनी रेलवे रोड, डॉ. राजेश टूर्ण कोच आर्य कॉलेज, बिजेंद्र कुमार राणा पीएनबी बैंक से, एक्सेल सोलर अध्यक्ष वैभव गोयल, होटल ग्रीन केसले के ओनर दीपक खुराना, आदर्श एक विश्वास से नवीन मुंजाल, डा.पारस सहगल, केसरी न्यूट्रिशन के संस्थापक व फिजिकल डिसेबिलिटी क्रिकेट हरियाणा के नवनियुक्त प्रधान कृष्ण मलिक, हैदराबाद से सुरेंद्र अग्रवाल प्रधान डिसएबल क्रिकेट एसोसिएशन ने विजेता टीम को 31000 दूसरी टीम को 21000 देने की घोषणा की।

# 108 फुट हनुमान की प्रतिमा की नींव रखी

पानीपत। किला क्षेत्र में श्री हाफिजाबादी राम नाटक क्लब की ओर से आज हनुमान जी कि 108 फीट ऊंची प्रतिमा कि नींव रखी गई। सर्वप्रथम भूमि पूजन किया गया तत्पश्चात 25 फीट गहरी खोदी गई जगह पर पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज, महापौर कोमल सैनी, ऋषिकेश से आए महंत लोकेश दास जी महाराज, अवध धाम के दाऊ जी महाराज ने नींव रखी। मुरथल से विशेष रूप से पधारे श्री दयानंद सरस्वती जी सरस्वती ने इसे हिंदू समाज के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। सभी आए अतिथियों का स्वागत पुष्प और दुशाला देकर कमेटी के पदाधिकारियों ने किया। इस अवसर पर पार्षद कमल अरोड़ा, पार्षद नवल जिंदल, मनोज मलिक, संजय वर्मा प्रधान, अजय हुरिया, निशांत सोनी, प्रदीप भराड़ा, सुशील पटवारी, सुनील, प्रिंस सहगल, हरीश चुघ, सुशील भराड़ा, सुभाष, संयुक्त व्यापार मंडल के प्रधान दर्शन लाल वधवा, राजीव भाटिया व चंद्र सहगल आदि उपस्थित रहे।


पानीपत। हनुमान जी की प्रतिमा की नींव रखते हुए विधायक प्रमोद विज, मेयर कोमल सैनी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# हेल्पएज ऑफ नस के 23वें रक्तदान महाशिविर को सफल बनाएं : स्वामी

पानीपत। हेल्पएज ऑर्फन्स के सह.सचिव अर्जुन व सीसीओ डॉ.अनु कालरा ने संस्थान द्वारा आज मॉडल टाउन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि संस्था द्वारा इस बार भी गणतन्त्र दिवस पर आर्य पीजी कॉलेज में एक 23वां विशाल रक्तदान महाशिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में संस्था के पदाधिकारियों को आशीष देने महामंडलेश्वर स्वामी श्री दयानंद सरस्वती जी महाराज व महामंडलेश्वर स्वामी श्री अरुण दास जी महाराज भी पधारे। स्वामी श्री दयानंद सरस्वती जी ने संस्थान के पदाधिकारियों को इस सेवा उपक्रम के लिये अग्रिम शुभाशीष प्रदान करते हुए कहा कि इस रक्तदान महाशिविर को सफल बनाएं। वहीं स्वामी श्री अरुण दास जी महाराज ने शहरवासियों को इस शिविर में पूर्ण सहयोग देकर अभूतपूर्व सफल बनाने की अपील की और स्वयं भी रक्तदान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर संस्था के सह.सचिव अर्जन काठपाल, संस्था के संस्थापक मनन सिंगल, उप.प्रधान डॉ. दीप्ती जैन, संरक्षक गोबिंद कालरा व अक्षय भी मौजूद रहे।



पानीपत। पत्रकारों को जानकारी देते स्वामी दयानंद सरस्वती व अन्य।


## न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत

**अभिषेक खन्ना पुत्र श्री विजय खन्ना निवासी किशन पुरा हाउस, खन्ना रोड, वार्ड नम्बर 15, पानीपत, पानीपत किशनपुरा, पानीपत।**

**बनाम**

**जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सुचित किया जाता है कि अभिषेक खन्ना पुत्र श्री विजय खन्ना निवासी किशन पुरा हाउस, खन्ना रोड, वार्ड नम्बर 15, पानीपत, पानीपत किशनपुरा, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी की माता श्रीमति शोभा खन्ना धर्मपत्नी श्री विजय खन्ना पुत्र श्री गोपीकिशन खन्ना की दिनांक 20-05-2025 को मृत्यु हो चुकी है। उनकी मृत्यु उपरान्त उन्के निम्न वारिस / उतराधिकारी दर्शाये गये है। अनिल कुमार नम्बरदार गांव कुटानी तथा प्रवीन कुमार पटवारी पानीपत द्वारा भी अपनी रिर्पोट में इन्ही वारसान की तसदीक की गई है:- 1- अभिषेक खन्ना पुत्र व 2- एकता नकुल मेहरा पुत्री श्रीमति शोभा खन्ना धर्मपत्नी श्री विजय खन्ना पुत्र श्री गोपीकिशन खन्ना यानि कुल 2 ही वारिस है। इनके इलावा मृतक श्रीमति शोभा खन्ना धर्मपत्नी श्री विजय खन्ना पुत्र श्री गोपीकिशन खन्ना का अन्य कोई वारिस / उतराधिकारी नही है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोकत मृतक के बताये गये वारिस / उतराधिकारी के बाबत कोई शक एंवम इतराज हो तो वह स्वंय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय मे कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है, अन्यथा उपरोकत तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जावेगा। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिंनाक 20/1/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**तहसीलदार-कम- संयुक्त-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**


भक्ति

## श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया

# श्रीराम लला शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत हुआ व प्रसाद के स्टाल लगाए

शोभायात्रा बरसत रोड स्थित ब्रह्माकुमारी आश्रम से शुरू होकर फतेहपुरी चौक होते हुए एवन पब्लिक स्कूल में संपन्न हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

सहयोग मार्केट तहसील कैंप एवन पब्लिक स्कूल तहसील कैंप के संयुक्त तत्वाधान में श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा बरसत रोड स्थित ब्रह्माकुमारी आश्रम से शुरू होकर फतेहपुरी चौक होते हुए एवन पब्लिक स्कूल में संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के भाई हरपाल ढांडा रहे। जबकि अध्यक्षता हरिद्वार से पधारे संत लोकेश महाराज ने की। लोकेश महाराज ने कहा कि इतने वर्षों की कड़ी तपस्या के बाद राम ललाजी अयोध्या में विराजे हैं। यह हम सबके लिए हर्ष का विषय है। वहीं ब्रह्म ऋषि महंत श्रीनाथ ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक बार अयोध्या में विराजमान श्री राम लला के दर्शन अवश्य करने चाहिए। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत हुआ एवं प्रसाद के स्टाल लगाए।


पानीपत। शोभायात्रा के दौरान पार्षद नवल जिंदल को सम्मानित करते आयोजक।

### आकर्षक झांकिया निकाली

वहीं शोभायात्रा में विभिन्न प्रकार की आकर्षक झांकिया शामिल रही। शोभायात्रा में दुर्गा मंदिर समिति, श्री युग रामराज सेवादल, दुख भंजन दरबार, मां सरस्वती वूमेन वेलफेयर समिति, श्री पीठ संकट मोचन हनुमंत धाम, श्री राधा माधव कल्याण समिति आदि संस्थाओं ने सहयोग किया। लोकेश महाराज, ब्रह्म ऋषि महंत श्रीनाथजी, संत आनंद प्रकाश जी, पंडित पूर्णचंद महाराज ने शोभायात्रा की अगुवाई की। वहीं संतों व अतिथियों द्वारा सभी संस्थाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। शोभायात्रा के समापन पर मुख्य अतिथि विधायक प्रमोद विज के पुत्र राहुल विज पहुंचे तथा सभी को शोभायात्रा की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पार्षद जयदीप अरोड़ा, पार्षद नवल जिंदल, कमल गंभीर, दयानंद खुंगर, वीना अरोड़ा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी ओम दत्त, हुकुमचंद मेहता, विजय छाबड़ा, कृष्ण वर्मा व बिंदू कुकरेजा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।


पानीपत। पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपते स्वामी दयानंद सरस्वती महाराज।

### विश्व सनातन धर्म सूर्य सेना द्वारा जम्मू कश्मीर व हरियाणा में नियुक्तियां

पानीपत। विश्व सनातन धर्म सूर्य सेना एवं श्री राम सेना समिति के संरक्षक श्री श्री 1008 स्वामी दयानंद सरस्वती यति महाराज जी के सान्निध्य में मुरथल स्थित आश्रम में संगठन की एक बैठक तथा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक सैनी शामली के मार्गदर्शन में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों प्रदेश व जिला स्तर के प्रतिनिधियों तथा समाज के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में कुछ नियुक्तियां की गई। जिसमें जम्मू एवं कश्मीर प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह जम्मू, हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष मनीष त्यागी राई सोनीपत को बनाया गया। वहीं नवनियुक्त दोनों प्रदेश अध्यक्षों को स्वामी दयानंद सरस्वती यति महाराज जी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक सैनी द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया तथा प्रदेश कार्यकारिणी बनाने का अधिकार दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव धीरज भारतीय, राधेश्याम सैनी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, संदीप कपूर सहारनपुर, नीरज सगल शामली, विनोद कोहली चंडीगढ़, निर्मल सिंह दिल्ली, डॉ.राजकुमार सैनी शामली, राकेश शर्मा रोहतक, मुकेश शर्मा पानीपत व सुमेर जैन आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### शिक्षकों की मांगों पर जताई सहमति

**अंबाला।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष रामवीर शर्मा के नेतृत्व में हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ पवन कुमार से मिला प्रतिनिधि मंडल ने बहुत समय से लंबित बोर्ड से संबंधित बोर्ड परीक्षाओं में सुपरीटेंडेंट सुपरवाइजर क्लर्क एवं परीक्षा केंद्र प्रमुख को बोर्ड के द्वारा दिए जाने वाले मानदेय के विषय में एवं कक्षा दसवीं एवं 12वीं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए मिलने वाली राशि के संबंध में शिक्षकों का पक्ष रखा।

### चोरी की ऑल्टो के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**अंबाला।** सेंट्रल जेल पुल के नीचे से पुलिस ने चोरी की ऑल्टो कार बेचने की फिराक में घूम रहे तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी पंजाब से अंबाला कार बेचने के लिए आए हुए थे। आरोपी की पहचान पटियाला के चरासो गांव के विनीत गौतम, शुभम गौतम व जीरकपुर निवासी रिमांशु के रूप में हुई है।सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने तुरंत जेल पुल के नीचे नाकाबंदी शुरू कर दी।

### चोरी का आरोपी चार दिन के रिमांड पर

**साहा।** जाली दस्तावेजों से कंपनी का सामान चोरी करने वाले गिरोह के मुख्य आरोपी को आर्थिक अपराध शाखा ने काबू कर लिया है। आरोपी की पहचान राजस्थान के चित्तौड़गढ़ के भगवानपुर गांव के हरीश के रूप में हुई है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद चार दिन के रिमांड पर लिया है। आर्थिक अपराध शाखा के निरीक्षक परमवीर ने बताया कि यह गिरोह बेहद शातिर तरीके से वारदात को अंजाम देता था।

### गवाहों के बयान दर्ज करने के दिए निर्देश

**अंबाला।** बसपा के प्रदेश सचिव व अधिवक्ता हरबिलास रज्जूमाजरा की हत्या के मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने मुख्य गवाहों के बयान दर्ज करने के आदेश दिए हैं। अदालत ने अभियोजन पक्ष और निचली अदालत को निर्देश दिया है कि मामले के चश्मदीद गवाहों और अन्य महत्वपूर्ण गवाहों के बयान प्राथमिकता के आधार पर दर्ज किए जाएं। मामले में अभी तक शिकायतकर्ता सुदर्शन और घायल चश्मदीद पुनीत डांग उर्फ चुन्नू सहित नरेंद्र सिंह, अमरीक सिंह, अमित कुमार और सुमित कुमार जैसे मुख्य गवाहों के बयान अभी दर्ज होने बाकी हैं।

## फिर बढ़ी ठंड, निचले इलाकों में पानी भरने से बढ़ी परेशानी

# तेज हवाओं के साथ बरसात होने से जनजीवन प्रभावित

**इंको चौक पर तेज आंधी से बिजली का भारी खंभा गिरा, कई घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला/मुलाना

देर रात से हो रही बरसात की वजह से शुक्रवार को पूरे दिन जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित रहा। खासक अलसुबह से ही तेज हवाओं के साथ हो रही बरसात से निचले रिहायाशी एरिया में भी पानी भर गया। बरसात से जहां मौसम में ठंडक बढ़ गई। वहीं तेज हवाओं से क्षेत्र में विभिन्न मार्गों पर सड़क किनारे खड़े.पेड़ गिर गए । इससे यातायात प्रभावित हुआ। दोसड़का से बराड़ा रोड़ पर होली अड्डे के पास बड़ा गिर गया जिसके चलते मार्ग पर यातायात पूर्ण रूप से ठप हो गया । इसी मार्ग पर एनआरआई होटल के सामने भी पेड़ गिरा। मार्ग पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। इसके अलावा धनौरा मुलाना रोड़ पर, धनौरी कलावड़ रोड़ पर और साढ़ौरा_ दोसड़का रोड़ पर भी पेड़ गिरे जिससे यातायात प्रभावित हुआ। हालांकि सूचना मिलने पर संबंधित विभाग ने मौके पर पंहुच कर पेड़ हटाने का कार्य शुरू किया जिसके बाद यातायात को सुचारू किया ।





बरसात व तेज हवा की वजह से गिरे पेड़ों का दृश्य।

### थाने में गिरा पेड़

तेज आंधी के चलते मुलाना थाना परिसर में एक सफेदे का बड़ा पेड़ कार पर गिर गया । जिसमें कार काफी क्षतिग्रस्त हो गई है। कार मुलाना थाना में कार्यरत एक मुलाजिम की है। इसके साथ खड़ी दो अन्य कारों को भी हल्की क्षति पंहुची है। मुलाना_ धनौरा रोड़ पर डुलियाना गांव के पास एक पेड़ अचानक कार के उपर गिर गया । पेड गिरने से कार काफी क्षतिग्रस्त हो गई है। मुलाना में देवी मंदिर मार्ग पर पंचायत भवन के पास एक सैंकड़ों वर्ष पुराना पीपल का पेड़ तेज आंधी के चलते गिर गया। गनीमत रही कि जब वह गिरा तो वहां कोई नहीं था ।यह वृक्ष बहुत पुराना था । जिसमें अब केवल एक बड़ा टहना ही बचा था जोकि शुक्रवार को तेज आंधी में गिर गया । गांव हमीदपुर में

### फसलों को फायदा

देर रात से हो रही बरसात की वजह से ठंड फिर बढ़ गई है। हालांकि बरसात की वजह से गेहूं की फसल को भारी फायदा होने की बात कही जा रही है। किसान बरसात से बेहद खुश नजर आ रहे हैं। हालांकि निरंतर हो रही बरसात की वजह से लोग घरों में कैद रहने को मजबूर हैं। खराब मौसम को देखते हुए कुछ स्कूलों ने बच्चों की पढ़ाई के लिए ऑनलाइन क्लास चलाने का निर्णय लिया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में यह बदलाव देखने को मिला है। पिछले दो-तीन दिनों से तेज धूप निकलने के कारण दिन के तापमान में वृद्धि हुई थी, लेकिन अब मौसम में आए इस परिवर्तन से सर्दी कुछ और दिनों तक बनी रहने की संभावना है।

### बड़ा हादसा टला

अंबाला शहर के इंको चौक पर तेज आंधी की वजह से शुक्रवार का हाईवोल्टेज लाइन वाला बिजली का एक खंभा गिर गया। खंभे की वजह से यहां बड़ा हादसा टल गया। खंभे की वजह से मुख्य सड़क पर जाम लग गया। काफी देर तक यहां यातायात प्रभावित रहा। सूचना के बाद बिजली निगम के कर्मचारियों ने लाइन काटकर खंभे को सड़क से किनारे किया। इसकी वजह से पूरे एरिया में बिजली आपूर्ति कई घंटे तक बाधित रही। तेज हवाओं के कई अंबाला छावनी व शहर में कई जगह पेड़ भी टूटकर मुख्य सड़क पर गिर गए। तेज हवाओं की वजह से लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ा।



## बारिश के बीच मंत्री विज ने दिखाया जज्बा

# सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा को सैन्य अंदाज में किया नमन



**अंबाला।** नेताजी को पुष्प अर्पित करते मंत्री अनिल विज। *फोटो : हरिभूमि*

- नेता जी को समर्पित सबसे सुंदर 'सुभाष पार्क' में गूंजा 'नेताजी अमर रहें' का नारा, विज ने जयंती पर बांटे लड्डू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

उर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने नेता जी सुभाषचंद्र बोस के जन्मदिन (पराक्रम दिवस) के अवसर पर अंबाला छावनी के सुभाष पार्क में तेज हवाओं व बारिश में नेता सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। उन्होंने नेताजी की 12 फुट ऊंची प्रतिमा के समक्ष सैन्य अंदाज में 'सैल्यूट' कर 'नेता जी अमर रहे' के नारे भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ लगाए। इस अवसर पर विज ने कहा कि नेता सुभाष चंद्र बोस के नाम से हमने यहां अंबाला छावनी में सुभाष पार्क बनवाया है।जब से यहां नेता जी विराजमान है हम हर वर्ष यहां अपने श्रद्धा सुमन प्रस्तुत करने के लिए आते हैं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 23 जनवरी को नेता सुभाष चंद्र बोस जी के जन्मदिवस को पराक्रम दिवस के तौर पर मनाया जाता है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री अनिल विज ने कार्यकर्ताओं के साथ नेताजी को नमन किया और बाद में सभी को जन्मदिन के मौके पर लड्डू बांटे। नप अध्यक्ष स्वर्ण कौर, भाजपा नेता संजीव सोनी, आशीष अग्रवाल, हर्ष बिंद्रा मौजूद रहे।

### 17 एकड़ में फैला पार्क

अंबाला छावनी में ऊर्जा मंत्री अनिल विज के अथह प्रयासों से नेता सुभाष चंद्र बोस को समर्पित हरियाणा का सबसे सुंदर सुभाष पार्क यहां पर बनाया गया है जोकि 17 एकड़ में फैला है। यहां रोज हजारों लोग आकर नेताजी के जीवन से प्रेरित होते हैं। इस पार्क को मंत्री अनिल विज के प्रयासों से स्थापित किया गया था। यह पार्क प्रदेश के निहायत खूबसूरत पार्कों में शुमार है, जहां प्रदेशभर से लोग सैर सपाटे और इसकी खूबसूरती को निहारने के लिए आते हैं।

# करोड़ों की ठगी के मामले में भाजपा नेता गिरफ्तार

- नोटों का धंधा करता है मुख्य आरोपी, कई लोगों को बना चुके हैं ठगी का शिकार, अब जीआरपी कर रही है जांच
- बिहार से तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

ट्रेन नंबर 15707 आम्रपाली एक्सप्रेस में हुई लूट के तार बिहार के समस्तीपुर से जुड़ गए। अब जीआरपी ने 1.90 करोड़ की ठगी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक भाजपा नेता भी शामिल बताया जा रहा है। आरोपियों की पहचान पंकज कुमार अजनौल, दलसिंह सराय समस्तीपुर, कौशल कुमार झाझा जमुई और विभूतिपुर निवासी रजनीश कुमार के तौर पर हुई है।

तीनों आरोपियों को जीआरपी की विशेष टीम अंबाला लेकर पहुंची इस मामले में कुछ अन्य संदिग्धों से भी पूछताछ की जा रही है। परिवादी सुरेश जोशी ने अपनी शिकायत में यह भी बताया कि जनवरी 2025 में उसे दो व्यक्ति पंजाब में मिले थे। उन्होंने पैसा दोगुना करने की जानकारी दी थी। उनके कहने पर ही वो बिहार में एक व्यक्ति से मिलने भी गए थे। यहीं 1.90 करोड़ के लेन-देन को लेकर बात भी हुई थी, इसके बाद वह रुपये लेकर बिहार चले गए। कुछ समय बाद उन्हें दो बैग दिए गए और इसमें नकदी भी दिखाई गई। ठगों ने बताया कि उनके रुपयों को दोगुना कर दिया गया है लेकिन ट्रेन में यात्रा के दौरान व्यक्ति दोनों बैग लेकर चंपत हो गए। जांच टीम ने आरोपी के अजनौल स्थित घर स छह लाख रुपये नकद, 30 लाख के जेवर और एक लग्जरी इनोवा कार भी बरामद की है। जीआरपी ने बरामद नकदी और गहनों को जब्त कर लिया है।

### रकम को डबल करने का झांसा

पंजाब के रहने वाले सुरेश जोशी ने अंबाला छावनी जीआरपी थाना में शिकायत में आरोप लगाया गया था कि रुपये डबल करने और कर्ज की राशि पर भारी मुनाफा दिलाने के नाम पर उनसे 1 करोड़ 90 लाख रुपए लिए गए। बाद में रकम को डबल दिखाकर झांसा दिया गया और पूरी राशि की लूट कर ली गई। जीआरपी की जांच के दौरान समस्तीपुर जिले के दलसिंह सराय थाना क्षेत्र के पंकज कुमार लाल व अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आई। एसपी रेलवे नितिका गहलोत के निर्देश पर जीआरपी प्रभारी हरीश कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई थी। तकनीकी इनपुट के आधार पर टीम ने मं बिहार के दलसिंह सराय (अजनौल) में दबिश दी। इस ऑपरेशन में मुख्य आरोपी पंकज कुमार लाल के साथ उसके दो सहयोगियों, कौशल और रजनीश को भी काबू किया गया। समस्तीपुर के डीएसपी विवेक शर्मा ने बताया है कि पंकज कुमार लाल 30 हजार रुपए लेकर एक लाख के जाली नोट देता था। बता दें कि कार्रवाई जाली नोट डबलिंग रैकेट से जुड़े एक मामले में की गई है।

# एक गांव व एक गोत्र में शादी पर लगाई जाए रोक : टेकराम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद



सर्वजातीय खाप पंचायत के राष्ट्रीय संयोजक व कंडेला जन कल्याण फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला ने राष्ट्रीय मुख्यालय पर सामाजिक बुराइयों को खत्म करने के लिए कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। कंडेला ने कहा है कि आज समाज में एक गांव, एक गोत्र में शादी पर रोक लगानी चाहिए। क्योंकि इसमें समाज का भाईचारा खराब होता है। लड़का व लड़की की शादी माता-पिता की सहमति से होनी चाहिए। लिव इन रिलेशनशिप को भी खत्म किया जाए। युवाओं में बढ़ते नशे को देखते नशे को छोड़ दूध पियो का संदेश दिया है। आज हमारा समाज एक बच्चे पर आधारित है। अगर कोई किसी प्रकार का हादसा हो जाता है तो परिवार के लोग उस सदमे से बाहर नहीं निकाल पाते है। उन्होंने कहा है कि कम से कम दो या तीन बच्चे पैदा करने चाहिए ताकि परिवार का ताना-बाना बना रहे।

### अनिल बेनीवाल बने गुजरात प्रदेश अध्यक्ष

कंडेला ने सर्वखाप व कंडेला जन कल्याण फाउंडेशन को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करने के लिए कई प्रदेश अध्यक्षों की सूची जारी करते कहा कि राजस्थान के मिर सिंह रेढू व पंजाब के गुरतेज सिंह रेढू, उत्तर प्रदेश के देवेंद्र सिंह रेढू, मध्य प्रदेश के दिलबाग सिंह गोयत, उत्तराखंड के गगनदीप, चंडीगढ़ से अशोक मित्तल, बिहार के रामप्रसाद, दिल्ली से धर्मपाल रेढू, गुजरात से अनिल बेनीवाल को अपने प्रदेशों का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

# छह माह से अधिक लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से करें निपटारा : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

एसपी कुलदीप सिंह ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में सभी डीएसपीए थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारियों की बैठक लेकर अपराध एवं कानून व्यवस्था की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कोई भी छह माह पुराना मामला हो तो उसे तुरंत प्राथमिकता से निपटाएं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की बैठकों का मुख्य उद्देश्य जिले में अपराध नियंत्रण को अधिक प्रभावी बनाना, जनशिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करनाा, पुलिसिंग को संवेदनशील, जवाबदेह व तकनीक आधारित बनाना है।




**जींद।** पुलिस अधिकारियों की बैठक लेते एसपी कुलदीप सिंह।

### साप्ताहिक रेस्ट देने के निर्देश

एसपी ने कहा कि आदतन अपराधियों व असामाजिक तत्वों की नियमित समीक्षा कर उनके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए। थानों में आने वाले प्रत्येक शिकायतकर्ता को पावती देने, शिकायतों का समयबद्ध एवं निष्पक्ष समाधान करने व चोरी के मामलों में आरोपियों की पहचान कर मामलों को शीघ्र ट्रेस करने पर पर जोर दिया। किसी भी घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज अनिवार्य रूप से प्राप्त कर उसका गहन विश्लेषण किया जाए। इसके साथ-साथ तकनीकी साक्ष्यों जैसे टावर डंपए डिजिटल ट्रेसिंग व अन्य वैज्ञानिक तरीकों का प्रभावी उपयोग किया जाए ताकि चोरी, गृहभेदन, छिनैती, लूट व डकैती जैसे मामलों में नामालूम आरोपियों की पहचान कर समय रहते शिनाख्त की जाए। कर्मचारी कल्याण को प्राथमिकता देते हुए पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक पुलिस कर्मचारी को साप्ताहिक रेस्ट देने के निर्देश दिए।

# रिहर्सल में डीएसपी ने ली परेड की सलामी

- कार्यक्रम स्थल का अवलोकन, अधिकारियों को जरुरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारायणगढ़

26 जनवरी को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों के तहत शुक्रवार को अनाज मंडी परिसर में परेड एवं मार्च पास्ट का दूसरी रिहर्सल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थल का अवलोकन एसडीएम शिवजीत भारती ने किया ओर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बारिश एवं खराब मौसम को देखते गणतंत्र दिवस समारोह में प्रस्तुत किए जाने वाले सभी कार्यक्रमों की फाइनल रिहर्सल 24 जनवरी को अनाज मंडी में सुबह 11 बजे की जाएगी। रिहर्सल के दौरान डीएसपी सूरज चावला द्वारा परेड की सलामी ली गई। रिहर्सल के दौरान पुलिस बल सहित विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेज की एनसीसी टुकडियों ने परेड एवं मार्च पास्ट में अनुशासित एवं प्रभावशाली प्रदर्शन किया। एसडीएम ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है जो हमें संविधान की गरिमा, लोकतांत्रिक मूल्यों और देश की एकता एवं अखंडता का स्मरण कराता है। इस समारोह के माध्यम से युवा पीढ़ी में राष्ट्र प्रेम और जिम्मेदार नागरिक बनने की भावना सुदृढ़ होती है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर नमन किया।



**नारायणगढ़।** रिहर्सल के दौरान परेड की सलामी लेते हुए डीएसपी सूरज चावला।

### सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध

एसडीएम ने दीनबंधु सर छोटू राम जी की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि सर छोटू राम जी ने किसान, मजदूर और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए जो कार्य किए, वे आज भी सामाजिक न्याय और सेवा की दिशा में मार्गदर्शक हैं। साथ ही उन्होंने बसंत पंचमी के पावन अवसर पर क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां सरस्वती की कृपा से सभी के जीवन में ज्ञान, विवेक और सद्भाव का संचार हो। डीएसपी सूरज चावला ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक एवं पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। परेड एवं कार्यक्रमों के दौरान अनुशासन और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

### टुकडियों को जरूरी निर्देश

रिहर्सल में परेड में शामिल टुकडियों को डीएसपी सूरज चावला ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। परेड कमांडर एएसआई नारायण सिंह के नेतृत्व में परेड की गई। इसमें पुलिस की टुकड़ी का नेतृत्व एएसआई आशिक मोहम्मद ने किया। राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ का नेतृत्व प्लाटून कमांडर खुशी शर्मा, राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल का नेतृत्व हरदीप सिंह ने किया, पीएम श्री राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल पतरेहड़ी का नेतृत्व चिराग द्वारा किया गया, डीएवी सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल का नेतृत्व भव्य कुमार ने किया।

## भागवत कथा में श्रद्धालुओं पर बरसाई ज्ञान की अमृत वर्षा

# गीता का अध्ययन करने वाले को होगी बैकुंठ की प्राप्ति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

श्री कल्याण कमल आश्रम हरिद्वार के महामंडलेश्वर स्वामी श्री कमलानंद गिरि महाराज ने कहा कि जो व्यक्ति नित्य भगवद्गीता का अध्ययन करता है उसे बैकुंठ की प्राप्ति होती है। बैकुंठ वह स्थान है जहां न पाप है, न कर्मफल का बंधन और न ही भय व शोक। वहां केवल आत्मस्वरूप का बोध होता है। कमलानंद गिरि शुक्रवार को अंबाला शहर के नावल्टी रोड स्थित प्राचीन श्री रघुनाथ मंदिर में आयोजित भगवद्गीता एवं श्रीमद् भागवत प्रवचन कार्यक्रम में श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति नियमित गीता अध्ययन और प्राणायाम करता है उसे पुनः माता के गर्भ में नहीं आना पड़ता। जन्म-जन्मांतर के पाप व ताप नष्ट हो जाते हैं। महाराज ने एक प्रेरक दृष्टांत सुनाते हुए बताया कि एक गीदड़ जो कुत्तों से जान बचाने के लिए एक ब्राह्मण की गौशाला में छिप गया। वहां हो रहे गीता पाठ को सुनने के कारण अगले जन्म में ऋषि बना और परमात्मा का साक्षात्कार कर मोक्ष को प्राप्त हुआ। इससे सिद्ध होता है कि गीता का श्रवण मात्र भी जीव को उच्चतम गति प्रदान करता है।





**अंबाला।** प्रवचन करते स्वामी कमलानंद गिरि महाराज एवं उपस्थित श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

### गीता श्रवण जरूरी


उन्होंने कहा कि यह नश्वर शरीर तो बाहर से बार-बार साफ किया जाता है लेकिन हृदय में जमे जन्म-जन्मांतर के कर्म दोषों को केवल गीता ज्ञान से ही शुद्ध किया जा सकता है। अन्य शास्त्रों में विस्तार अधिक है जबकि गीता में सार ही सार है। गीता भगवान के मुख से निकली होने के कारण महाप्रसाद है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को इसका अध्ययन और श्रवण अवश्य करना चाहिए। स्वामी सुशांतानंद महाराज ने भी अपने प्रवचनों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर संत महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# टूटी ग्रिल ठीक करवाने के निर्देश

- डीसी दरबार में उठाया रानी तालाब मंदिर परिक्रमा मार्ग की टूटी ग्रिलों का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

जींद शहर के ऐतिहासिक, धार्मिक एवं आस्था के प्रमुख केंद्र रानी तालाब मंदिर के परिक्रमा मार्ग पर लगी टूटी कंक्रीट ग्रिलों का मामला डीसी दरबार में प्रमुखता से उठा। अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने डीसी मोहम्मद इमरान रजा के समक्ष यह गंभीर समस्या रखी और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तत्काल मरम्मत व स्थायी समाधान की मांग की। गोयल ने डीसी को बताया कि मंदिर के चारों ओर बने परिक्रमा मार्ग पर कई स्थानों पर कंक्रीट की ग्रिलें पूरी तरह टूट चुकी हैं। प्रतिदिन सैंकड़ों श्रद्धालु, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे शामिल हैं यहां सुबह व शाम दर्शन एवं परिक्रमा के लिए आते हैं। टूटी हुई ग्रिलों के कारण किसी भी समय कोई श्रद्धालु फिसल कर सीधे तालाब में गिर सकता है, जिससे बड़े हादसे की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। गोयल ने बताया कि करीब दो वर्ष पूर्व भी इसी तरह की स्थिति उत्पन्न हुई थी। उस समय विभागीय स्तर पर समय पर कार्रवाई नहीं होने के कारण उन्हें सीएम विंडो के माध्यम से शिकायत दर्ज करानी पड़ी थी। जिसके बाद प्रशासन ने मरम्मत करवाई थी।



**जींद।** डीसी को दिए शिकायत पत्र को दिखाते राजकुमार गोयल। *फोटो :हरिभूमि*